>

Title: Need to provide adequate financial assistance to people in Sant Kabir Nagar District, Uttar Pradesh distressed due to heavy rains in the State.

श्री भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी (संत कबीर नगर): इस वर्ष पूर्वी उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों विशेष तौर पर जनपद संत कबीर नगर में भारी वर्षा के कारण आई बाढ़ से खरीफ की सारी फसल नष्ट हो गयी है तथा इस बाढ़ के कारण कई नदियों के तटबंध (बंधे) टूट गये हैं तथा कई जगहों पर क्षतिग्रस्त भी हो गये हैं तथा घाघरा नदी में आई बाढ़ के कारण करीब तीन गाँव नदी के कटाव के कारण नदी में विलीन हो गये हैं। किसानों के घर या तो बह गये हैं या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये हैं एवं इन किसानों के चौपाये (पशु) बाढ़ में बह गये। जो बच गये हैं वह चारे की कमी के कारण भूखे मर रहे हैं। कुल मिलाकर जनपद संत कबीर नगर के किसानों, व्यापारियों तथा अन्य को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। इस संदर्भ में मैं केन्द्र तथा राज्य सरकार को अवगत करा चुका हूँ पर अभी तक सरकार द्वारा कोई आर्थिक सहायता नहीं दी गयी है।

अतः सरकार से मेरा आग्रह है कि संत कबीर नगर जनपद में बाढ़ से प्रभावित परिवारों एवं किसानों को अतिशीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान की जाय।